विज्ञापन

राज्य के सभी 38 जिलों के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों/उपकेन्द्रों में उपलब्ध रिक्तियों के अनुरूप संविदा/मानदेय के आधार पर ए0एन0एम0 की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

1. राज्य की राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण बाधा ए0एन0एम0 की कमी है, जिसके लिए नियमित नियुक्ति की प्रकिया प्रारंभ की जा रही है । तब तक कार्य बाधित न हो, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि एक वर्ष के लिए संविदा/मानदेय के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों/उपकेन्द्रों में स्वीकृत एवं रिक्त पदों पर, कार्यहित में, संविदा/मानदेय के आधार पर ए0एन0एम0 कर्मियों का चयन किया जाय ।
2. जिलावार एवं आरक्षणवार कोटिवार रिक्तियों की सूची, चयन की शर्तें एवं चयन की प्रकिया राज्य स्वास्थ्य समिति के बेवसाईट www.shsbihar.org एवं संबंधित जिला के असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।
3. **योग्यता**–सरकारी या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी ए0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त परीक्षोत्तीर्ण एवं बिहार परिचारिका निबंधन परिषद से अद्यतन निबंधन अनिवार्य है ।
4. **आयु सीमा**– न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होनी चाहिए (उम्र सीमा की गणना 31.12.2006 के आधार पर होगी) ।
5. **मानदेय**– एक मुश्त मानदेय 3900.00 रूपये प्रति माह । मानदेय के अलावा अन्य कोई राशि भुगतेय नहीं होगी ।
6. उपरोक्त योग्यता एवं अर्हत्ता रखने वाले उम्मीदवार आवश्यक प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति, आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र एवं किसी फौजदारी मुकदमें में दंडित नहीं होने के आशय का शपथ पत्र के साथ संबंधित जिला के असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को दिनांक 20.12.2006 तक निबंधित डाक से आवेदन भेज सकते हैं । आवेदन–पत्र के साथ 2 पासपोर्ट साईज फोटो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित संलग्न होनी चाहिए ।

कार्यपालक निदेशक

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार